रजिस्ट्री सं. डी.एल.- 33004/99 REGD. No. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

सी.जी.-डी.एल.-अ.-11082020-221073
CG-DL-E-11082020-221073

असाधारण
EXTRAORDINARY

भाग III—खण्ड 4
PART III—Section 4

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 319] नई दिल्ली, मंगलवार, अगस्त 11, 2020/श्रावण 20, 1942
No. 319] NEW DELHI, TUESDAY, AUGUST 11, 2020/SHRAVANA 20, 1942

वास्तुकला परिषद्

(वास्तुविद अधिनियम, 1972 के अन्तर्गत गठित सांविधिक प्राधिकरण)

अधिसूचना

नई दिल्ली, 11 अगस्त, 2020

फा. सं. सीए/193/2020/एमएसएईआर.—वास्तुविद अधिनियम, 1972 (1972 का 20) की धारा 21 के साथ पठित धारा 45 की उप–धारा (2) के खंड (ड.), (छ), (ज) और (ञ) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए वास्तुकला परिषद् (वास्तुकला शिक्षा के न्यूनतम मानक) विनियम, 1983 का अधिक्रमण करते हुए, इस अधिक्रमण से पूर्व किए गए अथवा नहीं किए जा सके कार्यों को छोड़कर, वास्तुकला परिषद्, केन्द्र सरकार के अनुमोदन से एतद्द्वारा निम्नलिखित विनियम बनाती है, अर्थात :–

1. **संक्षिप्त नाम और आरंभ** – (1) ये विनियम वास्तुकला परिषद् (वास्तुकला शिक्षा के न्यूनतम मानक) विनियम, 2020 कहे जाएंगे।

(2) ये 1 नवम्बर 2020 से लागू होंगे।

2. **परिभाषाएं**– जब तक कि संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हों, इन विनियमों में :

(क) ''अधिनियम'' से आशय वास्तुविद् अधिनियम, 1972 (1972 का 20) से है;

(ख) ''मूल संकाय'' से आशय संस्थान द्वारा नियमित आधार पर नियुक्त, परिषद् के साथ वैध पंजीकरण वाले पूर्णकालिक अध्यापक–वर्ग के सदस्यों से है;

(ग) ''परिषद्'' से आशय अधिनियम की धारा 3 के अधीन गठित वास्तुकला परिषद् से है;

(घ) ''कार्यकारिणी'' से आशय अधिनियम की धारा 10 के अधीन गठित कार्यकारिणी से है;

(ड.) ''संकाय'' से आशय संस्थान की सेवा में कार्यरत अध्यापक–वर्ग के सदस्यों से है;

(च) ''संस्थान'' से आशय भारत में स्थित वास्तुकला विश्वविद्यालय/महाविद्यालय के विभाग/वास्तुकला विद्यालय से है, जो मान्यताप्राप्त योग्यता हेतु शिक्षा दे रहा है;

(छ) ''मान्यताप्राप्त योग्यताओं'' से आशय वास्तुकला में ऐसी योग्यता से है जो अधिनियम की अनुसूची में शामिल हैं अथवा अधिनियम की धारा 15 के अधीन अधिसूचित की गई है।

3. **वास्तुकला पाठ्यक्रम की समयावधि**– (1) वास्तुकला पाठ्यक्रम परिशिष्ट–क में निर्धारित, न्यूनतम 5 अकादमिक वर्षों अथवा 15 से 18 कार्यशील सप्ताहों (90 कार्यदिवसों) के 10 सत्रकों की समयावधि का होगा, जिसमें 8वें अथवा 9वें सत्रक की समयावधि में 6 माह अथवा एक सत्रक का प्रायोगिक प्रशिक्षण, लगभग 16 कार्यशील सप्ताहों का, सम्मिलित होंगे।

(2) वास्तुकला पाठ्यक्रम की अध्ययन–सूची की संरचना, रुचि आधारित क्रेडिट प्रणाली के अन्तर्गत परिशिष्ट–क में रेखांकित दिशानिर्देशों के अनुरूप होगी। हालांकि आवधिक मूल्यांकन, समापन सत्रक और मौखिक परीक्षाएं, महत्व (वेटेज) और ग्रेडिंग प्रणाली के माध्यमों का निर्धारण विश्वविद्यालय अथवा संस्थान अपने विवेकानुसार करेंगे।

(3) एक अभ्यर्थी को किसी सत्रक में वास्तुकला डिजायन पाठ्यक्रम हेतु तब तक नामांकन की अनुमति प्रदान नहीं की जाएगी, जब तक कि वह पूर्ववर्ती सत्रक का वास्तुकला डिजायन पाठ्यक्रम पूरा न कर चुका हो।

(4) एक अभ्यर्थी को दसवें सत्रक वास्तुकला डिजायन शोध अथवा निबंध शोध अथवा परियोजना पाठ्यक्रम में नामांकन की अनुमति तब तक प्रदान नहीं की जाएगी, जब तक कि वह प्रायोगिक प्रशिक्षण अथवा प्रशिक्षुता सफलतापूर्वक पूरा न कर चुका हो।

(5) एक अभ्यर्थी को अध्ययन–सूची में निर्दिष्ट न्यूनतम अंक अर्जित करने पर विश्वविद्यालय अथवा संस्थान द्वारा वास्तुकला पाठ्यक्रम में उपाधि प्रदान की जाएगी।

(6) वास्तुकला पाठ्यक्रम अधिकतम 8 वर्षों की अवधि में पूरा किया जाएगा। लेकिन विशेष परिस्थितियों में विश्वविद्यालय अथवा संस्थान किसी अभ्यर्थी को पाठ्यक्रम पूरा करने के लिए 1 वर्ष की एक विस्तारावधि प्रदान कर सकते हैं। विस्तारावधि अभ्यर्थी को केवल एक ही बार दी जाएगी तथा इसे शून्य वर्ष के रूप में माना जाएगा।

(7) यदि कोई अभ्यर्थी निर्धारित समयावधि में पाठ्यक्रम पूरा करने में असमर्थ रहता है तो विश्वविद्यालय अथवा संस्थान अभ्यर्थी के लिए एक निकासी विकल्प उपलब्ध करा सकता है, परन्तु इसके लिए शर्त ये है कि अभ्यर्थी अध्ययन के प्रथम तीन वर्षों में समस्त क्रेडिट्स पूरा कर चुका हो तथा अंक अर्जित कर चुका हो।

4. **वास्तुकला उपाधि पाठ्यक्रम में प्रवेश**– (1) कोई भी अभ्यर्थी जिसने 10+2 परीक्षा प्रणाली में भौतिकी, रसायन विज्ञान एवं गणित विषयों में कम से कम कुल 50 प्रतिशत अंक तथा 10+2 परीक्षा प्रणाली में कुल प्राप्तांक 50 प्रतिशत के साथ उत्तीर्ण न की हो अथवा 10+3 डिप्लोमा परीक्षा गणित अनिवार्य विषय एवं कुल प्राप्तांक कम से कम 50 प्रतिशत के साथ उत्तीर्ण न की हो, को वास्तुकला पाठयक्रम में प्रवेश नहीं दिया जाएगा।

(2) अभ्यर्थी के लिए यह आवश्यक है कि वह परिशिष्ट–घ में निर्धारित प्रवेश प्रतिमानकों का अनुपालन करते हुए परिषद् द्वारा संचालित वास्तुकला अभिक्षमता परीक्षा उत्तीर्ण करे।

(3) संस्थान, प्रवेश के मामलों में, उप–विनियम (1) में दिये गए, अभिक्षमता परीक्षाओं के लिए 50 प्रतिशत अंकों तथा अर्हता प्राप्त करनेवाली परीक्षा में 50 प्रतिशत अंकों का महत्व (वेटेज) देंगे।

(4) प्रवेश हेतु अर्हता प्राप्त करनेवाली परीक्षा में प्राप्तांकों के प्रतिशत में छूट तथा सीटों का आरक्षण केन्द्र सरकार अथवा संबंधित राज्य सरकारों की आरक्षण नीति के अनुसार होगा।

5. **प्रवेश–क्षमता तथा स्थानांतरण (प्रव्रजन)**– (1) विश्वविद्यालय अथवा संस्थान अभ्यर्थियों को परिषद् द्वारा संस्वीकृत प्रवेश–क्षमता के अनुसार प्रथम वर्ष की कक्षा में प्रवेश देंगे, जो किसी कक्षा में 40 सीटों से अधिक नहीं होगी। यदि संस्वीकृत प्रवेश–क्षमता के अनुसार 40 से अधिक अभ्यर्थियों को प्रवेश दिया जाता है तो प्रत्येक 40 अभ्यर्थियों के वर्ग अथवा उसके भाग हेतु अलग कक्षाओं का आयोजन किया जाएगा।

(2) किसी कक्षा के किसी विद्यार्थी की एक संस्थान से दूसरे संस्थान में स्थानांतरण की अनुमति इस प्रक्रिया में सम्मिलित संस्थानों के विवेकानुसार दी जाएगी, परन्तु यह स्थानांतरित विद्यार्थी को प्रवेश देनेवाले संस्थान की संबंधित कक्षा में अधिकतम प्रवेश–क्षमता से अधिक विद्यार्थियों की संख्या न होने की शर्त के अधीन होगी तथा ग्राही संस्थान द्वारा इस बाबत परिषद् को सूचित किया जाएगा।

(3) भारत सरकार द्वारा अधिसूचितानुसार प्रवेश का अधिसंख्य कोटा संस्वीकृत प्रवेश–क्षमता के अतिरिक्त होगा। यदि ऐसे प्रवेशों की संख्या संस्वीकृत प्रवेश–क्षमता के 10% से अधिक होती है तो संस्थान इस हेतु, आवश्यकतानुसार, अतिरिक्त भौतिक तथा अकादमिक संरचनात्मक सुविधाएं उपलब्ध कराएंगे। आगे इन अभ्यर्थियों को विनियम 4.0 में विनिर्दिष्ट आवश्यकता की पूर्ति करनी होगी।

(4) संस्थान द्वारा सूचित किए जाने पर वास्तुकला उपाधि पाठ्यक्रम में प्रवेश प्राप्त कर चुके विद्यार्थी को परिषद् द्वारा एक विशिष्ट विद्यार्थी नामांकन संख्या निर्गत की जाएगी, परन्तु इसके लिए शर्त ये है कि परिषद् द्वारा निर्धारित प्रवेश हेतु समस्त योग्यता प्रतिमानकों की पूर्ति की गई हो।

6. **अध्ययन के पाठ्यक्रम तथा समयावधि–** (1) पाठ्यक्रमों हेतु दिशानिर्देश तथा अध्ययन की समयावधि का वर्णन परिशिष्ट–क में उपलब्ध है।

(2) संस्थान को वास्तुकला शिक्षा अध्ययन–सूची के एक अभिन्न अंग के रूप में तथा शिक्षण पाठ्यक्रम के एक भाग के रूप में वास्तुकला अभिरुचियों के स्थानों पर अध्ययन भ्रमणों, परिदर्शनों की व्यवस्था करनी होगी।

7. **व्यावसायिक परीक्षा, प्रवीणता के मानक तथा प्रवेश की शर्तें और परीक्षकों की योग्यता–** (1) विश्वविद्यालय अथवा संस्थान प्रत्येक सत्रक के समापन पर परीक्षाओं का संचालन करेगा।

(2) सत्रकावधि कार्य का मूल्यांकन, जहां तक संभव हो, आंतरिक तथा बाह्य परीक्षकों की निर्णायक–समिति अथवा पैनल द्वारा किया जाएगा।

(3) अध्ययन के विभिन्न पाठ्यक्रमों हेतु आंतरिक अंकों का महत्व कुल अंकों के 50 प्रतिशत से अधिक नहीं होगा। सत्रकावधि कार्य का आंतरिक मूल्यांकन, सत्रक–समापन परीक्षाओं, यदि कोई, के अतिरिक्त, किसी सत्रकावधि में समस्त पाठ्यक्रमों हेतु आवधिक रूप में किया जाएगा।

(4) प्रत्येक विषय में उत्तीर्ण होने का प्रतिशत 45 प्रतिशत से कम नहीं होना चाहिए।

(5) किसी भी परीक्षक के पास परीक्षा के विषय से संबंधित अध्ययन के किसी क्षेत्र में कम से कम 5 वर्षीय शिक्षण/व्यावसायिक अनुभव होना चाहिए। हालांकि, वास्तुकला डिजायन शोध/शोध निबंध/परियोजना पाठ्यक्रम के दसवें सत्रक हेतु एक बाह्य परीक्षक के पास कम से कम 10 वर्षीय शिक्षण/व्यावसायिक अनुभव होना चाहिए।

8. **वास्तुकला शिक्षा हेतु आवश्यक स्टाफ, उपकरण, आवासन, प्रशिक्षण तथा अन्य सुविधाओं के मानक–** (1) संस्थान मूलभूत संकाय, सम्बद्ध विषयों के संकाय तथा अतिथि संकाय सहित 1:10 का शिक्षक और विद्यार्थी अनुपात बनाए रखेंगे।

(2) संस्थानों में, सम्बद्ध विषयों के संकाय और अतिथि संकाय के अतिरिक्त, 200 विद्यार्थियों की क्षमता हेतु कम से कम 12 मूल संकाय सदस्य होंगे।

(3) संस्थानों को परिशिष्ट–ख में निर्धारित स्वरूप के अनुसार संकाय क्षमता बनाए रखनी होगी।

(4) संस्थानों को संकाय सदस्यों को प्रोत्साहित करना होगा कि वे अनुसंधान सहित व्यावसायिक अभ्यास में सम्मिलित हों।

(5) संस्थान परिशिष्ट–ग में वर्णित सुविधाएं उपलब्ध कराएंगे।

(6) संस्थान अकादमिक कार्यक्रमों के लिए संकाय सदस्यों की आदान–प्रदान रीति को प्रोत्साहित करेंगे।

(7) संकाय की चयन प्रक्रिया के लिए किसी संस्थान अथवा विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारितानुसार किसी चयन समिति में परिषद् का एक नामित सदस्य होगा, जो कि संकाय की भर्ती

तथा/अथवा पदोन्नति के उद्देश्य हेतु गठित ऐसी चयन समिति के एक पूर्ण सदस्य के रूप में कार्य करेगा, केन्द्र सरकार द्वारा वित्तपोषित तकनीकी संस्थानों **(सीएफटीआई)** को छोड़कर।

(8) वास्तुकला पाठ्यक्रम के प्रारंभन हेतु संस्थानों द्वारा परिषद् द्वारा प्रति वर्ष प्रकाशित अकादमिक कैलेंडर का अनुसरण किया जाएगा।

9. विविध– (1) विश्वविद्यालय अथवा संस्थान अपने परिसरों में रैगिंग पर नियंत्रण के लिए अनिवार्य कदम उठाऐंगे तथा ऐसी किसी घटना की स्थिति में परिषद् द्वारा निर्धारित उपयुक्त कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे।

(2) विश्वविद्यालय अथवा संस्थान को यह सुनिश्चित करना होगा कि महिलाऐं (कर्मचारीगण, संकाय सदस्यगण अथवा विद्यार्थीगण) संस्थान में यौन उत्पीड़न से सुरक्षित हैं तथा इस संबंध में परिषद् द्वारा निर्धारित कार्यवाही हेतु अनिवार्य कदम उठाए।

राज कुमार ओबराय, रजिस्ट्रार

[विज्ञापन–III/4/असा./178/2020–21]

परिशिष्ट–क

वास्तुकला उपाधि पाठ्यक्रम हेतु रुचि आधारित क्रेडिट प्रणाली के अन्तर्गत पाठ्यक्रम, अध्ययन की समयावधि तथा परीक्षा के विषय

1. रुचि आधारित क्रेडिट प्रणाली के अन्तर्गत, जो कि एक विद्यार्थी अथवा शिक्षार्थी केन्द्रित प्रणाली है, वास्तुकला उपाधि पाठ्यक्रम में अध्ययन के विषय निम्नानुसार होंगे :

(1) व्यावसायिक मूल (पीसी) पाठ्यक्रम : एक पाठ्यक्रम, जिसका किसी अभ्यर्थी द्वारा एक मूल आवश्यकता के रूप में अनिवार्यतः अध्ययन किया जाना चाहिए, वह एक मूल पाठ्यक्रम कहलाता है।

(2) भवन विज्ञान तथा अनुप्रयुक्त अभियान्त्रिकी (बीएस ऐंड एई) पाठ्यक्रम : एक पाठ्यक्रम, जो व्यावसायिक मूल की जानकारी देता है और जिसका अनिवार्यतः अध्ययन किया जाना चाहिए।

(3) वैकल्पिक पाठ्यक्रम : सामान्यतयः एक ऐसा पाठ्यक्रम जिसका पाठ्यक्रमों के एक समूह से चयन किया जा सकता है तथा ये दो प्रकार के हैं :

(i) व्यावसायिक वैकल्पिक (पीई), जो कि अध्ययन के शिक्षण अथवा विषय के अनुसार अत्यंत विशिष्ट अथवा विशेषीकृत अथवा आधुनिक अथवा समर्थक हो सकता है अथवा जो एक विस्तारित क्षेत्र उपलब्ध कराता है।

(ii) खुला वैकल्पिक (ओई), जो कि किसी अन्य शिक्षण अथवा विषय अथवा ज्ञानक्षेत्र के अनुसार एक प्रदर्शन देने में समर्थ है अथवा जो अभ्यर्थी की कार्यकुशलता अथवा कौशल को विकसित करता है।

(4) रोजगार योग्यता वृद्धिशील पाठ्यक्रम (ईईसी), जो दो तरह का हो सकता है : रोजगार योग्यता वृद्धिशील अनिवार्य पाठ्यक्रम (ईईसीसी) तथा कौशल वृद्धिशील पाठ्यक्रम (एसईसी)।

2. संस्थान की निर्धारित अध्ययन–सूची में उपरोक्त प्रत्येक हेतु क्रेडिट्स के अनुसार महत्व निम्नानुसार होगा :

1.	व्यावसायिक मूल पाठ्यक्रम (पीसी)	: 50 प्रतिशत
2.	भवन विज्ञान तथा अनुप्रयुक्त अभियान्त्रिकी (बीएस ऐंड एई)	: 20 प्रतिशत
3.	वैकल्पिक पाठ्यक्रम	
	(i) व्यावसायिक वैकल्पिक (पीई)	: 10 प्रतिशत

(ii) खुला वैकल्पिक (ओई) : 5 प्रतिशत

4. व्यावसायिक योग्यता वृद्धिशील पाठ्यक्रम (पीएईसी)

(i) व्यावसायिक योग्यता वृद्धिशील अनिवार्य पाठ्यक्रम (पीएईसीसी) : 10 प्रतिशत

(ii) कौशल वृद्धिशील पाठ्यक्रम (एसईसी) : 5 प्रतिशत

नोट : जहां खुला वैकल्पिक पाठ्यक्रम प्रदान करना संभव नहीं है, व्यावसायिक वैकल्पिक पाठ्यक्रम को कुल क्रेडिट्स का 15 प्रतिशत महत्व दिया जा सकता है।

3. इन प्रत्येक समूहों के अन्तर्गत पाठ्यक्रमों की सूचित सूची निम्नलिखित तालिका 1.0 में उपलब्ध कराई गई है।

तालिका 1.0

i- व्यावसायिक मूल पाठ्यक्रम (पीसी)	
1.	मूल अभिकल्प तथा दृश्य कला
2.	वास्तुकला अभिकल्प
3.	वास्तुकला अभिकल्प लेख
4.	वास्तुकला आरेखण तथा रेखाचित्र
5.	वास्तुकला तथा संस्कृति का इतिहास
6.	वास्तुकला के नियम/सिद्धांत
7.	शहरी अभिकल्प
8.	मानवीय बसावट योजना
9.	आवासन
10.	भूदृश्य अभिकल्प
11.	स्थल नियोजन
12.	काष्ठकला तथा प्रतिदर्श निर्माण कार्यशाला
13.	विनिर्देशन, लागत प्राक्कलन तथा बजटिंग
ii. भवन विज्ञान तथा अनुप्रयुक्त अभियान्त्रिकी (बीएस ऐंड एई)	
14.	भवन सामग्रियां
15.	भवन निर्माण
16.	अनुप्रयुक्त क्रियाविधियां
17.	संरचनात्मक अभिकल्प तथा प्रणालियां
18.	जलवायु विज्ञान
19.	भवन सेवाएं
20.	सर्वेक्षण तथा समतलन करना
21.	ध्वनि विज्ञान
22.	पर्यावरणीय प्रयोगशाला
23.	वास्तुकला हेतु पर्यावरणीय विज्ञान
वैकल्पिक पाठ्यक्रम (ईसी) नीचे दी गई वैकल्पिक पाठ्यक्रमों की सूची सुझाव–आधारित है तथा संस्थान अथवा विश्वविद्यालय सुसंगत पाए जाने पर अन्य वैकल्पिक पाठ्यक्रमों को अंगीकार कर सकता है।	

iii.	**व्यावसायिक वैकल्पिक (पीई)**
24.	अभिकल्प सिद्धांत
25.	स्वदेशी वास्तुकला
26.	आंतरिक अभिकल्प
27.	कला सराहना
28.	वास्तुकला में कला
29.	रेखाचित्र तथा उत्पाद अभिकल्प
30.	वास्तुकला में समकालीन प्रक्रियाएं
31.	वास्तुकला संबंधी पत्रकारिता
32.	आपदा अल्पीकरण तथा प्रबंधन
33.	हरित भवन तथा रेटिंग प्रणालियां
34.	दीर्घकालिक नगर तथा समुदाय
34क.	भवन प्रदर्शन तथा अनुपालन
35.	दक्षिण पूर्व एशिया की वास्तुकला
36.	इस्पात के साथ वास्तुकला संबंधी अभिकल्प
37.	शीशे के साथ वास्तुकला संबंधी अभिकल्प
38.	फर्नीचर अभिकल्प
39.	समुचित भवन प्रौद्योगिकियां
40.	भूकम्प रोधक वास्तुकला
41.	वास्तुकला संबंधी संरक्षण
42.	भवन प्रणालियां एकीकरण तथा प्रबंधन
खुला वैकल्पिक (ओई)	
वास्तुकला के अतिरिक्त, संस्थान अथवा विश्वविद्यालय द्वारा अनुमोदित पाठ्यक्रमों में से विद्यार्थी वह विषय ले, जो पाठ्यक्रम का मूल्य संवर्द्धन करे तथा विद्यार्थी का संपूर्ण विकास करे।	
iv. व्यावसायिक योग्यता वृद्धिशील पाठ्यक्रम	
	व्यावसायिक योग्यता वृद्धिशील अनिवार्य पाठ्यक्रम
43.	व्यावसायिक अभ्यास
44.	प्रशिक्षुता अथवा प्रायोगिक प्रशिक्षण
45.	परियोजना प्रबंधन
46.	निबंध शोध अथवा संगोष्ठी अथवा अनुसंधान कार्य–प्रणाली
v.	**कौशल वृद्धिशील पाठ्यक्रम**
47.	संचार कौशल
48.	कम्प्यूटर स्टूडियो
49.	भवन सूचना प्रतिदर्शन
50.	डिजिटल रेखाचित्र तथा कला
51.	वास्तुविदों हेतु उद्यमिता कौशल
52.	विदेशी भाषा

नोटः

अध्ययन के पाठ्यक्रमों को दिए गए नाम सुझाव पर आधारित हैं तथा संस्थान विभिन्न नामावलियों का उपयोग कर सकते हैं। विभिन्न पाठ्यक्रमों के शिक्षण का प्रभाव संस्थान–संस्थान के अनुसार अलग हो सकता है। संस्थान की विचारधारा के अनुसार तथा जहां संस्थान अवस्थित है उस क्षेत्र के संदर्भ अनुसार नवीन पाठ्यक्रमों का आरंभ कर सकते हैं और कुछ पाठ्यक्रमों को कम वरीयता दे सकते हैं।

4. विश्वविद्यालय अथवा संस्थान के विनियम तथा अध्ययन–सूची निम्नानुसार होगी :

(1) शिक्षण अथवा विद्याध्ययन प्रणाली में लचीलापन उपलब्ध कराना।

(2) पाठ्यक्रम समानता पर आधारित क्रेडिट्स के स्थानांतरण के साथ अन्य विश्वविद्यालयों/संस्थाओं (राष्ट्रीय अथवा अन्तर्राष्ट्रीय) में एक सत्रक विनिमयन हेतु, जहॉ सम्भव हो, अवसर उपलब्ध कराना।

(3) विश्वविद्यालय अथवा संस्थान के पूर्व अनुमोदन के साथ किसी एक ऑनलाइन प्रमाणित पाठ्यक्रम हेतु नामांकन करने के लिए विद्यार्थी को अनुमति प्रदान करना। ऐसे पाठ्यक्रमों को एक वैकल्पिक पाठ्यक्रम के समकक्ष माना जाएगा।

5. अध्यापन तथा शिक्षण विधियां :

(1) तालिका 1.0 में सूचीबद्धानुसार पाठ्यक्रमों की विषय–वस्तु का अध्यापन एक वैज्ञानिक तथा अभिकल्प आधार पर एक अनुप्रयोग–मूलक तरीके से कराया जाएगा। पाठ्यक्रम विषय–वस्तु को व्याख्यानों, संगोष्ठियों, प्रयोगशालाओं अथवा कार्यशालाओं, स्टूडियो अभ्यासों तथा अभिकल्प परियोजनाओं, प्रशिक्षुता तथा अध्ययन परिदर्शनों में पढ़ाया तथा सिखाया जाएगा।

(2) सैद्धांतिक ज्ञान तथा वैज्ञानिक कार्य की कार्य–प्रणाली के मूलभूत संयोजन और व्यवस्थापन के शिक्षण हेतु व्याख्यान दिए जाते हैं। विशिष्ट विषयों को एक सुसंरचनात्मक प्रारूप में प्रस्तुत किया जाता है, जिससे नवीन अनुसंधान परिणामों का समावेशन होता है। परिणामों का मूल्यांकन सत्रकावधि कार्य के आवधिक मूल्य–मापीकरण अथवा एक समापन सत्रक परीक्षा या दोनों के माध्यम से किया जाएगा।

(3) संगोष्ठियों में विषय–वस्तु को शिक्षक तथा विद्यार्थी के मध्य विचार–विमर्श चरणों तथा संशोध के माध्यम से पढ़ाया जाएगा। परिणामों का मूल्यांकन सत्रकावधि कार्य के आवधिक मूल्य–मापीकरण तथा/अथवा समापन सत्रक परीक्षा या दोनों के माध्यम से किया जाएगा।

(4) प्रयोगशालाओं अथवा कार्यशालाओं में पाठ्यक्रम की विषय–वस्तु को कार्य तथा प्रयोगों पर वास्तविक प्रयोग करने के माध्यम से सिखाया जाएगा। परिणामों का मूल्यांकन सत्रकावधि कार्य के आवधिक मूल्य–मापीकरण अथवा समापन सत्रक परीक्षा या दोनों के माध्यम से किया जाएगा।

(5) स्टूडियो अभ्यासों में अध्यापकगणों द्वारा प्रमुखता से कार्य उपलब्ध कराए जाने चाहिए तथा समाधान ढूंढने के लिए मार्गदर्शन दिया जाना चाहिए। विद्यार्थियों को या तो व्यक्तिगत रूप में अथवा समूह में कार्य करना चाहिए। परिणाम रेखाचित्रों, प्रतिदर्शों तथा प्रतिवेदनों के माध्यम से रक्षित होंगे और उनका मूल्यांकन आवधिक मूल्य–मापीकरण एवं एक समापन सत्रक परीक्षा अथवा मौखिक परीक्षा के माध्यम से किया जाएगा।

(6) अभिकल्प स्टूडियो अथवा निर्माण स्टूडियो अथवा परियोजनाओं में विद्यार्थीगण, उन स्टूडियो तथा परीक्षण में, जिन्हें अधिकृत संकाय (संकायों) द्वारा संचालित किया गया था, प्रक्रमण, विश्लेषण में कार्यकारी योगदान देते हैं तथा प्रत्यक्ष व्यावसायिक अभ्यास की समस्याओं का समाधान करते हैं। परिणाम रेखाचित्रों, प्रतिदर्शों तथा प्रतिवेदनों के माध्यम से रक्षित होंगे और उनका मूल्यांकन आवधिक मूल्य–मापीकरण एवं अंततः एक निर्णायक–समित अथवा पैनल के माध्यम से किया जाएगा।

(7) प्रशिक्षुता की समयावधि में विद्यार्थीगण किसी वास्तुकला अभ्यास/सरकारी वास्तुकला विभागों में कार्य में व्यस्त रहते हैं और परिषद् के साथ पंजीकृत वास्तुविदों के अन्तर्गत विशिष्ट तरीके का प्रशिक्षण प्राप्त करते हैं। परिणामों का समय समय पर उन वास्तुविदों द्वारा मूल्यांकन

किया जाएगा जिनके अन्तर्गत प्रशिक्षण लिया गया तथा प्रशिक्षुता अवधि के समापन पर विद्यार्थियों को उनको सौंपे गए कार्य (पोर्टफोलियो) का निर्णायक–समिति अथवा पैनल के सम्मुख, बचाव करना होगा।

(8) अध्ययन परिभ्रमण पाठ्यक्रम का भाग होंगे तथा इनका प्रति वर्ष संचालन किया जाएगा। ऐसे परिभ्रमण विद्यार्थियों को न केवल व्यावसायिक अभ्यास से परिचित कराते हैं बल्कि पाठ्यक्रम विषय–वस्तु को ठोस बनाने में सहायता करते हैं तथा किसी क्षेत्र की संस्कृति और संदर्भ को बढ़ाने में भी सहायक होते हैं।

टिप्पणी : शिक्षण तथा प्रशिक्षण की ये विधियां केवल सुझावों पर आधारित हैं तथा प्रत्येक संस्थान शिक्षण और प्रशिक्षण के लिए विभिन्न संस्थानों की शिक्षा–शक्ति पर आधारित किसी अध्यापन–कला को नवप्रवर्तन के रूप में अंगीकार कर सकते हैं और उसमें शिक्षणव्यस्त हो सकते हैं।

6. क्रेडिट्स की गणना करते समय निम्नलिखित दिशानिर्देशों को अंगीकार करना होगा :

(i) 1 व्याख्यान अवधि अथवा घंटा के लिए 1 क्रेडिट होगा;

(ii) 1 प्रयोगशाला/कार्यशाला अथवा स्टूडियो अभ्यासों अथवा संगोष्ठी अवधियों अथवा घंटों के लिए 1 क्रेडिट होगा तथा

(iii) 1 अभिकल्प स्टूडियो अथवा निर्माण स्टूडियो अथवा परियोजना या/लेखावधि अथवा घंटे के लिए 1 क्रेडिट होगा।

प्रायोगिक प्रशिक्षण के लिए कुल क्रेडिट्स की संख्या केवल एकल सत्रक हेतु विनिर्दिष्ट होगी।

7. हर सत्रक का पाठ्यक्रम कार्य, प्रशिक्षुता अथवा प्रायोगिक प्रशिक्षण तथा वास्तुकला अभिकल्प शोध को छोड़कर, 3 अथवा 4 व्याख्यान आधारित; 2 प्रयोगशाला अथवा संगोष्ठी अथवा स्टूडियो अभ्यास पाठ्यक्रम तथा 1 अभिकल्प पाठ्यक्रम वांछनीय है।

8. बी. आर्क पाठ्यक्रम के एकल सत्रक की संरचना तालिका 2.0 में सुझाई गई है :

तालिका 2.0

पाठ्यक्रम का प्रकार	**क्रेडिट्स प्रति पाठ्यक्रम**	**प्रति पाठ्यक्रम अध्ययन की अवधियां अथवा घंटे**		**पाठ्यक्रम**	**क्रेडिट**
		व्याख्यान	स्टूडियो अथवा प्रयोगशाला अथवा कार्यशाला/संगोष्ठी		
व्याख्यान	3	3	—	3/4	9/12
प्रयोगशाला/कार्यशाला/स्टूडियो अभ्यास/संगोष्ठी	3	1	4	2	6
अभिकल्प परियोजना	निचले सत्रकों में 9 तथा उच्च सत्रकों में 15 तक बदल सकते हैं	—	6 से 10 तक बदल सकते हैं	1	9 से 15 तक बदल सकते हैं

टिप्पणियां :

(i) एक साथ रखे गए अध्ययन के समस्त पाठ्यक्रम को विद्यार्थियों को एक सप्ताह में न्यूनतम 26 अवधियों अथवा घंटों के लिए तथा अधिकतम 30 अवधियों अथवा घंटों के लिए अध्ययनव्यस्त रखना होगा।

(ii) प्रत्येक सत्रक न्यूनतम 26 क्रेडिट्स तथा अधिकतम 30 क्रेडिट्स प्रदान करेगा।

(iii) वास्तुकला अभिकल्प परियोजना अथवा शोध हेतु दिए जाने वाले क्रेडिट्स 15 से 18 हो सकते हैं।

(iv) बी. आर्क उपाधि पाठ्यक्रम हेतु कुल क्रेडिट्स की संख्या न्यूनतम 260 क्रेडिट्स से बदलकर अधिकतम 300 क्रेडिट्स हो सकती है।

(v) यह संरचना सुझाव आधारित है तथा संस्थानों को सुसंगतानुसार अंगीकार करने के लिए छूट प्रदान करता है।

I. व्यावसायिक मूल (पीसी) के अनुसार सूचीबद्ध पाठ्यक्रमों का संक्षिप्त विवरण

1. मूल अभिकल्प तथा दृश्य कला

रचनात्मक अभिकल्प के निर्माण खण्डों के रूप में अभिकल्प के तत्वों एवं सिद्धांतों की समझ अभ्यासों के माध्यम से सरलतापूर्वक बढ़ेगी जिससे मौलिकता, अभिव्यक्ति, कौशल तथा रचनात्मक सोच विकसित होगी। अभिकल्प तथा दृश्य संयोजन के व्याकरण का अन्वेषण, प्रस्तुतिकरण के लिए अनेक माध्यमों का उपयोग करते हुए, दो–आयामी संयोजनों और तीन–आयामी प्रतिदर्शों के माध्यम से किया जाएगा। इसका उद्देश्य यह है कि ये अभिकल्प तथा वास्तुकला के व्याकरण के मध्य संबंध की एक समझ बढ़ाने में समर्थ हो।

2. वास्तुकला अभिकल्प

यह स्टूडियो आधारित पाठ्यक्रम अन्य पाठ्यक्रमों से प्राप्त ज्ञान का समन्वयन करता है तथा वास्तुकला के शिक्षण और अभ्यास हेतु एक केन्द्रीय पाठ्यक्रम है। यह पाठ्यक्रम अधिक खोजपूर्ण गैर–रैखिक विधियों के लिए अभिकल्प की पारंपरिक विधियों तथा रैखिक प्रक्रियाओं का उपयोग करने में कार्यव्यस्त होगा। परिमाण तथा जटिलता में निचले सत्रकों से उच्च सत्रकों में उत्तरोत्तर वृद्धि होगी। श्रेणी का आरंभ लघु एकल गतिविधि अथवा एकल स्थल परियोजनाओं से होना चाहिए तथा यह दीर्घ शहरी अभिकल्प परियोजनाओं तक पहुंचना चाहिए।

3. वास्तुकला अभिकल्प परियोजना अथवा लेख

यह पूर्वस्नातक अध्ययनों की परणति है तथा इसलिए एक अभिकल्प परियोजना पर विचार करने/उसका निरूपण करने के लिए यह अभ्यर्थी की क्षमता का प्रदर्शन करेगी और समाधान उपलब्ध कराएगी, जो समुचित रूप से सहायक अनुसंधान के माध्यम से प्रदर्शित होगी। अध्ययन तथा अनुसंधान के मुख्य क्षेत्रों में समकालीन अभिकल्प प्रक्रियाओं सहित आधुनिक वास्तुकला–संबंधी अभिकल्प और शहरी–इनफिल, पर्यावरणीय अभिकल्प, संरक्षण तथा विरासत स्थानों, आवासन इत्यादि सहित शहरी अभिकल्प सम्मिलित हो सकते हैं। हालांकि, विशिष्ट महत्व निर्मित पर्यावरण के वास्तुकला अभिकल्प पर दिया जाना चाहिए। प्रस्तुतिकरण रेखाचित्र, कार्यकारी रेखाचित्र, विस्तृत रेखाचित्र तथा अध्ययन प्रतिदर्श की तैयारी जमा किए जाने हेतु जरूरी आवश्यकताओं का हिस्सा हैं। वास्तुकला अभिकल्प शोध परियोजना को रेखाचित्रों, परियोजना प्रतिवेदन, प्रतिदर्शों, स्लाइड्स, सीडी तथा प्रतिवेदनों के रूप में जमा किया जाना होगा।

4. वास्तुकला आरेखण तथा रेखाचित्र

कलात्मक अभिव्यक्ति के लिए विभिन्न माध्यम तथा तकनीकय; मुक्त हस्त रेखाचित्रण करना; ज्यामितीय प्रारूपों तथा प्रस्तुतिकरण का ज्यामितीय प्रक्षेपण; दो–आयामी तथा तीन–आयामी रेखाचित्रों के माध्यम से वास्तुकला और निर्माण प्रस्तुतिकरण; निर्माण तत्वों तथा साधारण निर्माण के प्रारूपों के मापित रेखाचित्र; निर्माण अभिकल्प के समस्त तत्वों का आरेखण प्रारूप में

प्रस्तुतिकरण; छायाओं तथा प्रतिबिम्बों, बनावट, स्वर, रंग, इत्यादि का अध्ययन; व्यक्तिगत विधि के साथ–साथ डिजिटल का उपयोग करते हुए प्रतिपादन करना; विभिन्न माध्यमों तथा सामग्रियों के साथ व्यक्तिगत कार्य।

5. वास्तुकला तथा संस्कृति का इतिहास

पश्चिमी देशों के साथ–साथ भारतीय उप–महाद्वीप दोनों के संदर्भ में इतिहास के माध्यम से प्रकट होनेवाली राजनीति, समाज, धर्म, जलवायु, भूगोल तथा भूविज्ञान, इत्यादि के पहलुओं सहित विशिष्ट सांस्कृतिक संदर्भों के अंदर विकसित होनेवाली वास्तुकला; प्रत्येक ऐतिहासिक शैली का उदाहरण देते हुए उससे निकलनेवाली प्रौद्योगिकी, शैली और चरित्र–उदाहरणों के संदर्भ में वास्तुकला प्रारूप का विकास।

(इस पाठ्यक्रम के बारे में व्याख्यान, सत्रकों के माध्यम से उत्तरोत्तर बढ़नेवाली विषय–वस्तु के अन्तर्गत, प्रत्येक उन्नत सत्रक हेतु विशिष्ट पाठ्यक्रम के साथ, कार्यक्रम के 4–5 सत्रकों में दिया जाएगा)

6. वास्तुकला के नियम/सिद्धांत

सिद्धांत तथा व्यवहार में वास्तुकला अभिकल्प से संबंधित विषयों के सिद्धांत और विचार; मनुष्य तथा उसके व्यवहार के संबंध में वास्तुकला की सराहना; प्रकृति तथा अभिकल्प; प्रकृति पर संगठन के सिद्धांत; अभिकल्प में विचार तथा अभिप्राय – सहज, प्रासंगिक, प्रतिष्ठित, अनुभवजन्य, पर्यावरणीय, ऊर्जा आधारित, प्रतीकात्मक, प्रमापीय; समकालीन इतिहास के माध्यम से वास्तुकला के अभ्यास द्वारा निर्मित विचारधाराएं अथवा दर्शन–ज्ञान; आरेखणों के माध्यम से अभिकल्प संचार।

7. शहरी अभिकल्प

शहरी अभिकल्प एक शिक्षण पद्धति के रूप में ; एक शहर तथा उसकी अन्योन्याश्रित भूमिकाओं के संघटक; शहरी प्रारूप के निर्धारक; ऐतिहासिक शहरी प्रारूप का विकास; शहरी अभिकल्प के सिद्धांत तथा उदाहरण और विभिन्न माध्यमों और आधारों से शहरी प्रारूप की व्याख्या; पहचान तथा 'स्थान' बनाना; वास्तुकला–संबंधी कूट तथा कल्पनाशीलता; समकालीन शहरी विषय; दीर्घकालिक शहरी अभिकल्प; मामले का अध्ययन।

8. मानवीय बसावट योजना

मानवीय बसावट के तत्व तथा विशेषताए; उत्पत्ति; इतिहास के पाठ्यक्रम के माध्यम से निर्धारक–तत्व तथा उनका विकास; राजनीतिक आकांक्षाओं की अभिव्यक्ति के रूप में मानवीय बसावट; भारत के संदर्भ में शहरी, ग्रामीण तथा प्रादेशिक स्तर की विकास योजनाओं की विभिन्न योजनागत अवधारणाएं; वैश्वीकरण के संदर्भ में परिदृश्य में परिवर्तन।

9. आवासन

द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद सामाजिक आवासनः भारतीय संदर्भ में आवासन से संबंधित विषय; आवासन के निर्माण में सम्मिलित विभिन्न अभिकरण; कारक जो कि आवासन वहन करने की योग्यता को प्रभावित करते हैं; आवासन क्षेत्र में सरकार की विभिन्न योजनाएं तथा नीतियां; आवासन हेतु मानक तथा दिशानिर्देश; आवास अभिकल्प प्रारूपणों तथा प्रक्रियाओं में सम्मिलित है आवासन परियोजना विकास; मामले का अध्ययन तथा अधिभोगोत्तर मूल्यांकन।

10. भूदृश्य अभिकल्प

मनुष्य तथा प्रकृति; भूदृश्य परंपराएं; भूदृश्य अभिकल्प के तत्व तथा सिद्धांत; कार्यात्मक सौंदर्यपरकता से निर्माण के सन्निकट वातावरण की गुणवत्ता बढ़ाने तथा सुधारने में बाह्य अभिकल्प तथा स्थल योजना के विभिन्न पहलू; स्थल संरचना संबंध; विभिन्न परिमाणों पर खुले स्थलों की अभिकल्पना के विश्लेषणात्मक, कलात्मक तथा तकनीकी पहलू; स्थिरता के अन्तर्गत भूदृश्य अभिकल्प की भूमिका; पारिस्थितिकीय संतुलन का अवलोकन; मानवीय गतिविधियों के प्रभाव तथा पर्यावरण सुरक्षा और भूदृश्य संरक्षण की आवश्यकता।

11. स्थल नियोजन

वास्तुकला–संबंधी संरचनाओं में स्थल तथा इसकी सामग्री; प्रभाव डालनेवाले कारक जो कि एक दिए गए स्थल में किसी भवन अथवा भवनों के समूह के स्थल–चयन को नियंत्रित करते हैं; स्थलाकृति विश्लेषण; स्थल विश्लेषण की वैज्ञानिक तकनीकें – मामले का अध्ययन; एक स्थल विश्लेषण आरेखण और मानचित्रण तैयार करने की पद्धति; कूट तथा भवन विनियम; स्थल की उपयोगिताएं तथा अवसंरचना नियोजन। ईसीबीसी के अनुसार नवीकरणीय ऊर्जा प्रणालियों का एकीकरण।

12. काष्ठकला तथा प्रतिदर्श निर्माण कार्यशाला

विभिन्न काष्ठकारी उपकरणों का परिचय तथा काष्ठकर्म में उपयोग हुए साधारण जोड़ों का उत्पादन; विभिन्न सामग्रियों का उपयोग करते हुए खण्ड प्रतिदर्शों की तैयारी करने हेतु तकनीकें; समुचित सामग्रियों का उपयोग करते हुए एक लघु परियोजना का विस्तृत प्रतिदर्श; प्लास्टिक सामग्री जैसे मिट्टी, प्लास्टर ऑफ पेरिस, इत्यादि के साथ अन्वेषण।

13. विनिर्देशन, लागत प्राक्कलन तथा बजटिंग

राष्ट्रीय भवन कोड तथा ऊर्जा संरक्षण भवन कोड के अनुसार विभिन्न निर्माण कार्यों के विनिर्देशन; सामग्रियों तथा कार्य की विभिन्न मदों के लिए विनिर्देशन लिखना; मध्यम जटिलतायुक्त निर्माण में सम्मिलित समस्त व्यापारों के लिए प्रमात्राओं को निकालने तथा प्राक्कलन करने की प्रणालियां; प्रमात्राओं के बिल (बीओक्यू) की तैयारी करना; निर्माण कार्यों (सामग्री तथा श्रम) हेतु लागत प्राक्कलन करना; मूल्यांकन प्रतिवेदन की तैयारी करना; विशिष्ट परियोजनाओं हेतु बजट तैयार करना।

II. भवन विज्ञान तथा अनुप्रयुक्त अभियान्त्रिकी (बीएस ऐंड एई) के अनुसार सूचीबद्ध पाठ्यक्रमों का संक्षिप्त विवरण

14. भवन सामग्रियां

समकालीन भवनों में प्राकृतिक तथा मानव निर्मित भवन सामग्रियों जैसे ईंट, पत्थर, धातु, लकड़ी, कांच, इस्पात और परिष्करण सामग्रियों दोनों के गुण एवं व्यवहार; निर्माण में इन सामग्रियों का अनुप्रयोग; विभिन्न भवन सामग्रियों तथा निर्मित पर्यावरण और निर्मित पर्यावरण के अंदर प्रभावी मानव सुख की दशाएं उत्पन्न करने के लिए अभिकल्प के विज्ञान पर सूर्य, वर्षा, हवा और अन्य जलवायु–संबंधी एवं पर्यावरणीय दशाओं के प्रभाव। यू–फैक्टर, आर–वैल्यू, थर्मल मास, सोलर हीट गेन कोएफिसिएंट (एसएचजीसी), विजिबल लाइ ट्रांसमिटेंस (वीएलटी), इत्यादि जैसे मानकों की समझ।

(इस पाठ्यक्रम के बारे में व्याख्यान, सत्रकों के माध्यम से उत्तरोत्तर बढ़नेवाली विषय–वस्तु के अन्तर्गत, प्रत्येक उन्नत सत्रक हेतु विशिष्ट पाठ्यक्रम के साथ, कार्यक्रम के 3–4 सत्रकों में दिया जाएगा)

15. भवन निर्माण

परंपरागत तथा पारंपरिक ज्ञान प्रणालियां जो कि एक पूर्ण भवन के निर्माण को समर्थ बनाती हैं; निर्माण की विभिन्न संरचनात्मक प्रणालियां तथा विधियां और नींव, दीवारों, छतों, सीढ़ी, काष्ठकर्म एवं परिसज्जाओं सहित प्राकृतिक तथा मानवनिर्मित सामग्रियों का उपयोग करके मध्यमाकार जटिलताओं से पूर्ण भवनों की विवरणिका बनाना; प्रौद्योगिकी जो विभिन्न संरचनात्मक प्रणालियों और सामग्रियों का उपयोग करके समकालीन भवनों के निर्माण की सूचना देती है। ऊर्जा संरक्षण भवन कोड के अनुसार विभिन्न जलवायु संबंधी क्षेत्रों के लिए विभिन्न भवनों तथा निर्माण प्रणाली के समग्र एसेंबली यू–फैक्टर का मूल्यांकन। पाठ्यक्रम में व्याख्या तथा स्टूडियो अभ्यासों का संयोजन होगा, जिसके परिणाम रेखाचित्रों और प्रतिदर्शों के रूप में होंगे, जो एक ऐसे स्टूडियो में समाप्त होगा जो कि एक वास्तुकला अभिकल्प को कार्यकारी रेखाचित्रों में बदल देगा, जो कि व्यक्तिगत/डिजिटल विधि के अन्तर्गत निर्माण हेतु अच्छे हैं।

(इस पाठ्यक्रम के बारे में व्याख्यान, सत्रकों के माध्यम से उत्तरोत्तर बढ़नेवाली विषय–वस्तु के अन्तर्गत, प्रत्येक उन्नत सत्रक हेतु विशिष्ट पाठ्यक्रम के साथ, कार्यक्रम के 6–7 सत्रकों में दिया जाएगा)

16. अनुप्रयुक्त क्रियाविधियां

बल तथा संरचनात्मक प्रणालियां; समतल बंधनों का विश्लेषण; अनुभागों के गुण; ठोस पदार्थों के लोचदार गुण; लोचदार स्थिरांक; बीमों का झुकाव; बीमों का विस्थापन; स्तंभों के सिद्धांत; सांख्यिकीय रूप में अनिश्चित बीम; संरचना के विश्लेषण में अवधारणाएं।

17. संरचनात्मक अभिकल्प तथा प्रणालियां

संरचनात्मक तत्वों का व्यवहार तथा संरचनात्मक अवधारणाएं समझना – भार वहन करनेवाली संरचनाएं, रूपरेखायुक्त संरचनाएं, संयुक्त प्रणालियां, इस्पात की संरचनाएं – विभिन्न प्रणालियों का उपयोग करते हुए स्तंभों, बीमों, रूपरेखाओं, नींवों, सिल्लियों, दीवारों, इत्यादि हेतु साधारण गणनाएं तथा वास्तुकला अभिकल्प के लिए अर्जित ज्ञान से संबंधित।

18. जलवायु विज्ञान

एक लंबे समय से मध्यमान मौसमीय स्थितियों के अध्ययन के लिए एक विज्ञान के रूप में जलवायु विज्ञान; जलवायु के तत्व; मानवीय आराम का अध्ययन; सौर छायांकन उपकरणों का अभिकल्प; भवनावरणों के माध्यम से ताप प्रवाह; प्राकृतिक तथा कृत्रिम प्रारूपण के कारण वायु की गति; विभिन्न जलवायु क्षेत्रों में अभिकल्प कार्यनीतियां; मामले के अध्ययन के माध्यम से जलवायु के अनुरूप स्वदेशी तथा समकालीन प्रतिक्रियाएं; समुचित सॉफ्टवेयर का उपयोग करते हुए विश्लेषण करना; जलवायु परिस्थितियों के आधार पर विभिन्न नवीकरणीय ऊर्जा प्रणालियों की उपयुक्तता का आकलन।

19. भवन सेवाएं

भवनों तथा भवन परिसरों में जलापूर्ति, जल निकासी, मलजल निस्तारण, कचरा निपटान, विद्युतीकरण, प्रदीपन, वातानुकूलन, अग्नि जोखिम सुरक्षा, ध्वनिक उपचार, वर्षाजल संरक्षण, इत्यादि हेतु अभिकल्प और विवरण का अध्ययन; भवनों, इत्यादि के लिए आपदा प्रबंधन प्रणालियां, कुशल ऊर्जा संरक्षण प्रणालियां, इलेक्ट्रॉनिक सुरक्षा तथा निगरानी प्रणालियां; अनुपालन आवश्यकताएं डब्ल्यू.आर.टी. राष्ट्रीय भवन संहिता तथा ऊर्जा संरक्षण भवन संहिता के संदर्भ में।

(इस पाठ्यक्रम के बारे में व्याख्यान, प्रत्येक सत्रक हेतु विशिष्ट पाठ्यक्रम के साथ 3 अथवा 4 सत्रकों के समापन पर दिया जाएगा)

20. सर्वेक्षण तथा समतलन करना

सर्वेक्षण तथा समतलन करने के सिद्धांत, विभिन्न सर्वेक्षण तथा समतलन उपकरणों का उपयोग, मध्यमाकार की जटिलता से युक्त भूमि के सर्वेक्षण संचालित करना (फील्ड का काम); सर्वेक्षण योजनाओं की तैयारी करना।

21. ध्वनि विज्ञान

ध्वनि का विज्ञान; अच्छी श्रवण शक्ति की दशाएं; ध्वनि रोधन हेतु समुचित सामग्रियां; ध्वनि विज्ञान योजना के लिए अतीत में अपनाए गए दृष्टिकोण; सभागारों, कक्षाओं, चर्चों और हॉलों, सम्मेलन कक्षों, इत्यादि में अच्छी श्रवणशक्ति की परिस्थिति लिए योजना बनाना; सॉफ्टवेयर तथा साधारण अभिकल्प अभ्यासों का उपयोग करते हुए विश्लेषण करना; संहिताओं का अनुप्रयोग; मामले का अध्ययन।

22. पर्यावरणीय प्रयोगशाला

प्रयोगशाला आधारित पाठ्यक्रम जिनमें माप सम्मिलित होगा; प्रलेखन तथा अभिलेखन; निर्मित पर्यावरण के ऊष्मीय प्रदर्शन, प्राकृतिक तथा कृत्रिम प्रकाशन एवं संवातन और हवा की गति जैसे क्षेत्रों पर ध्यान लगाने के लिए समुचित सॉफ्टवेयर का उपयोग करते हुए अनुरूपता के माध्यम से तथा हस्तचालित और डिजिटल उपकरणों का उपयोग करते हुए विश्लेषण और अभिकल्पन

करना; राष्ट्रीय भवन संहिता (एनबीसी) तथा ऊर्जा संरक्षण भवन संहिता (ईसीबीसी) में विनिर्दिष्ट परीक्षण मानकों के अनुसार नवीकरणीय ऊर्जा प्रणालियों, गवाक्षीकरण (फेनेस्ट्रेशन), अपारदर्शी निर्माण, इत्यादि के प्रदर्शन का मूल्यांकन करना।

23. वास्तुकला के लिए पर्यावरणीय विज्ञान

प्राकृतिक प्रणालियां; निर्मित तथा प्राकृतिक पर्यावरणों के मध्य जटिल संबंध; प्राकृतिक तथा मानव निर्मित पर्यावरणों पर प्रदूषण का प्रभाव; जलवायु परिवर्तन के जोखिमों को कम करने के लिए निर्मित पर्यावरण को बदलने की कार्यनीतियां; जैवानुकरण–प्राकृतिक संरचनाओं तथा प्रक्रियाओं का अध्ययन– मानव निर्मित समस्याओं का समाधान करने तथा अभिकल्प को समर्थ बनाने हेतु सहायता करने के लिए; शहरी पारिस्थितिकी तथा भूदृश्य शहरीशोध की अवधारणाएं; मामले का अध्ययन; निर्मित पर्यावरण में नवीकरणीय ऊर्जा प्रणालियों का एकीकरण।

III. व्यावसायिक वैकल्पिक (पीई) के अनुसार सूचीबद्ध पाठ्यक्रमों का संक्षिप्त विवरण

24. अभिकल्प का शोध

अभिकल्प को समझना तथा इतिहास में अभिकल्प; परिवर्तनकारी समाज में अभिकल्पक की भूमिका; अभिकल्प का वर्गीकरण; अभिकल्प प्रक्रिया की पद्धतियां, शोध तथा प्रतिदर्श; रचनात्मक सोच–विचार को समर्थ बनाने के लिए रचनात्मकता तथा तकनीकें; वास्तुकला में रचनात्मकता; अभिकल्प के लिए प्रतिरूप भाषा तथा प्रतिभागिता दृष्टिकोण।

25. स्वदेशी वास्तुकला

स्वदेशी वास्तुकला एक प्रक्रिया के रूप में न कि एक उत्पाद के रूप में; स्वदेशी प्रारूप के निर्धारक तत्व; स्वदेशी वास्तुकला के अध्ययन के अनुरूप विभिन्न दृष्टिकोणों तथा अवधारणों का अवलोकन; भारत के अलग–अलग क्षेत्रों में विभिन्न स्वदेशी वास्तुकला–संबंधी प्रारूपण; भारत में स्वदेशी वास्तुकला तथा बस्तियों पर औपनिवेशिक शासन का प्रभाव।

26. आंतरिक अभिकल्प

आंतरिक अभिकल्प की शब्दावली; इतिहास की दृष्टि से आंतरिक एवं फर्नीचर अभिकल्प तथा अभिकल्प गतिविधियों का अवलोकन; आंतरिक स्थल एवं उपचार तथा समापन के विभिन्न संघटक; आतंरिक प्रकाशन; आंतरिक भूदृश्य तथा फर्नीचर। कर्मचारी परिस्थिति विज्ञान (एर्गोनोमिक्स), सामग्रियों तथा कार्यशील मानकों पर अभिकल्प आधारित स्टूडियो अभ्यास।

27. कला सराहना

कला की शब्दावली तथा सिद्धांत; धारणा तथा अभिवेदन; संचार–माध्यम तथा तकनीक के संदर्भ में कला की श्रेणियां; आधुनिक कला के आरंभ से लेकर इसके जन्म तक पश्चिम में कला उत्पादन के अध्ययन के माध्यम से कला की सराहना करना; 19वीं सदी के अंत तथा 20वीं सदी के आरंभ में कला में नई दिशाओं के लिए संदर्भ; भारत में कला उत्पादन का इतिहास; भारत की समकालीन कला तथा इसकी सराहना।

28. वास्तुकला में कला

विश्व वास्तुकला के इतिहास में कला की भूमिका; लोक कला तथा वास्तुकला का सहजीवी संबंध; वास्तुकला में विभिन्न कला प्रारूपों का अनुप्रयोग; वास्तुकला में दृश्य संचार तथा मार्ग का अनुसंधान; विभिन्न कलाकारों तथा वास्तुविदों के कार्य, जो अंतर्संबंध को दर्शाते हैं।

29. रेखाचित्र तथा उत्पाद अभिकल्प

रेखाचित्र अभिकल्प तत्व, सिद्धांत तथ अनुप्रयोग; उत्पाद अभिकल्प में प्रारूप तथा स्थान की अवधारणा; विनिर्माण की सामग्रियों तथा प्रक्रियाओं के अनुरूप संबंधित प्रारूप। प्रारूप बनाने के लिए कम्प्यूटरों का उपयोग; रचनात्मकता की तकनीकें; उत्पाद का विवरण तथा विनिर्माण; अवधारणा विकास, शोधन तथा विवरण के लिए अनुसंधानपूर्ण कृत्रिम प्रतिदर्श; उत्पाद अभिकल्प प्रतिमानकीकरण तथा उन्नत विनिर्माणन प्रक्रियाएं।

30. वास्तुकला में समकालीन प्रक्रियाएं

स्थान की धारणा पर मीडिया के शोध तथा इसके प्रभाव – आभासी वास्तविकता – संवर्द्धित वास्तविकता। डिजिटल वास्तुकला के विभिन्न पहलुओं की एक समझ तथा उस आनेवाली घटना के माध्यम से इनका अन्वेषण किया जाना, जो कि विचारों की सारग्रहण सुविधा पर निर्भर है। यह उन समकालीन वास्तुविदों के कार्यों के अध्ययन के माध्यम से किया गया है, जिन्होंने विकसित होती वास्तुकला में डिजिटल संचार–माध्यम के प्रभाव का संचित्रण किया है।

31. वास्तुकला पत्रकारिता

व्यावसायिक पत्रकारिता के अभ्यास के अनुरूप मूलभूत कौशल का परिचय; लेखन, प्रौद्योगिकियों तथा पत्रिकाओं के मूल तत्व; समकालीन वास्तुकला पत्रकारिता; आचार संहिता तथा प्रेस कानून; क्षेत्रीय, राष्ट्रीय तथा अंतर्राष्ट्रीय विचार–विमर्श मंच; इंटरनेट, जन संचार तथा लोक मत पर सार्वजनिक संशोध; पत्रकारिता के चयनित हिस्सों की आलोचना करना; छायाचित्र पत्रकारिता का परिचय; वास्तुकला के व्यावसायिक अभ्यास में चित्रकारी (फोटोग्राफी) का योगदान; आधुनिक चित्रकारी (फोटोग्राफी) की तकनीक।

32. आपदा अल्पीकरण तथा प्रबंधन

आपदाएं, उनका महत्व तथा प्रकार; अतिसंवेदनशीलता, आपदाओं, आपदा निवारण तथा जोखिम न्यूनीकरण के मध्य संबंध को समझा जाता है। आपदाओं तथा विकास के मध्य अंतर्संबंध; आपदा जोखिम नियंत्रण (डीआरआर); भारत में आपदा जोखिम प्रबंधन; आपदा प्रबंधन अधिनियम तथा नीति; आपदा की तैयारी, जोखिम मूल्यांकन, प्रतिक्रिया तथा पुनःप्राप्ति चरणों में जीआईएस तथा सूचना प्रौद्योगिकी संघटकों की भूमिका; आपदा क्षति का आकलन; अनुप्रयोग तथा मामले का अध्ययन।

33. हरित भवन तथा रेटिंग प्रणालियां

निष्क्रिय अभिकल्प विचार; सक्रिय प्रणालियां; ऊर्जा कार्यकुशल भवन हेतु अभिकल्प – दिवस प्रकाशन तथा प्राकृतिक संवातन; ऊर्जा के वैकल्पिक स्रोतों के लिए प्रौद्योगिकियां; नेट शून्य भवन; एक भवन के अभिकल्प हेतु सॉफ्टवेयर उपकरण तथा ऊर्जा के संबंध में एक भवन का प्रदर्शन मूल्यांकन; रेटिंग प्रणालियां : आईजीबीसी, एलईईडी, जीआरआईएचए।

34. दीर्घकालिक नगर तथा समुदाय

हरित अवधारणाओं का परिचय; संसाधनों में कमी आना तथा जलवायु परिवर्तन; दीर्घकालिक स्थान चयन तथा दीर्घकालिक भवन सामग्रियों एवं प्रौद्योगिकियों का विकास; नगन्य प्रभाव वाला निर्माण – जैव अनुकरण, दीर्घकाल के आयाम, दीर्घकालिक समुदाय; जैव–पारिस्थितिकी शहरों/समुदायों के मामले का अध्ययन।

34क. भवन प्रदर्शन तथा अनुपालन

भवन प्रदर्शन मूल्यांकन तथा ऊर्जा अनुरूपता उपकरण, भवनों के निर्माण तथा ऊर्जा कार्यकुशल अभिकल्प हेतु न्यूनतम आवश्यकताएं उपलब्ध कराने के लिए भारत की ऊर्जा संरक्षण भवन संहिता (ईसीबीसी) तथा राष्ट्रीय भवन संहिता (एनबीसी) को समझना; विभिन्न अनुपालन दृष्टिकोण; भवनावरण; आरामदेय प्रणालियां; प्रकाशन प्रणालियां; विद्युत तथा नवीकरणीय ऊर्जा प्रणालियां।

35. दक्षिण पूर्व एशिया की वास्तुकला

दक्षिण पूर्व एशिया (इंडोनेशिया, मलयेशिया, थाईलैंड, कम्बोडिया तथा श्रीलंका) के संदर्भ में इतिहास की दृष्टि से राजनीति, समाज, धर्म, जलवायु, भूगोल और भूदृश्य, इत्यादि के पहलुओं सहित विशिष्ट सांस्कृतिक संदर्भों के अंदर विकसित होनेवाली वास्तुकला; प्रत्येक देश के उदाहरणों के साथ संचित्रित प्रौद्योगिकी, शैली तथा चरित्र के संदर्भ में वास्तुकला प्रारूपण का विकास।

36. इस्पात के साथ वास्तुकला अभिकल्प

निर्माण में एक सामग्री तथा सामग्री के अंतर्निहित संरचनात्मक लाभों के रूप में इस्पात की अभिकल्प क्षमता को समझना। विभिन्न केस अध्ययनों के माध्यम से संरचनात्मक तथा सौंदर्यपरक अभिकल्प तत्व के रूप में इस्पात के अनेक संघटकों के बारे में सूचना देना। एक निर्माण सामग्री के रूप में इस्पात की सर्वोत्तम पद्धतियों से परिचित होना।

37. शीशे के साथ वास्तुकला अभिकल्प

वास्तुकला में शीशे के उपयोग में नवीनतम तथा आधुनिक प्रचलनों की जानकारी विद्यार्थियों को उपलब्ध कराने के लिए यह एक उद्योग आधारित पाठ्यक्रम है। भवनों के अभिकल्प में उपयुक्त उद्देश्यों हेतु शीशे का सही चयन तथा उपयोग महत्वपूर्ण है। अतः शीशा वास्तुकला पर आधुनिक अवधारणाओं, हरित अभिकल्प में शीशे की भूमिका तथा शीशे का उपयोग करते हुए भवन प्रदर्शन में सुधार हेतु विचारों पर अवलंबित अवधारणाओं को इस पाठ्यक्रम में सम्मिलित किया गया है।

38. फर्नीचर अभिकल्प

फर्नीचर अभिकल्प के सिद्धांत तथा इतिहास; आधुनिक गतिविधियां तथा कर्मचारी परिस्थिति विज्ञान (एर्गोनोमिक) एवं कार्यात्मक फर्नीचर का निर्माण; फर्नीचर अभिकल्प में प्रमापीय अवधारणाएं, विपुल उत्पादन तथा निर्माण; संहिताएं तथा विनिर्देशन; पर्यावरणानुकूल अभिकल्प।

39. समुचित भवन प्रौद्योगिकियां

समुचित प्रौद्योगिकियां तथा लागत–प्रभावी प्रौद्योगिकियां; अंतर्राष्ट्रीय वास्तुविदों तथा भारतीय वास्तुविदों के अभ्यास के माध्यम से उत्पन्न संदर्भों में से विकसित होनेवाली प्रौद्योगिकियां; अनुसंधान प्रयोगशालाओं, इत्यादि में विकसित प्रणालियां तथा तकनीकें।

40. भूकम्प रोधक वास्तुकला

भूकम्प के मूल तथा आधारभूत शब्दावली; ऐतिहासिक अनुभव; स्थान योजना बनाना तथा मैदान और भवनों का प्रदर्शन; भूकम्पीय संहिताएं तथा भवन विन्यास; भूकम्पीय अभिकल्प तथा गैर–अभियांत्रिकी निर्माण का विवरण; भूकम्पीय अभिकल्प तथा प्रबलित कंक्रीट एवं इस्पात भवनों के विवरण; गैर–संरचनात्मक तत्वों का अभिकल्प; भूकम्पीय प्रतिरोधन के लिए वास्तुकला–संबंधी अभिकल्प।

41. वास्तुकला संबंधी संरक्षण

संरक्षण के विभिन्न विषय तथा अभ्यास; मूल्य तथा नीतियां; भारत में संरक्षण की स्थिति तथा विश्वभर में संरक्षण के क्षेत्र में कार्यरत् अनेक अभिकरण और उनकी नीतियां; भवनों के परिरक्षण, संरक्षण तथा पुनरुद्धार के लिए विभिन्न दिशानिर्देश; ऐतिहासिक स्थलों का प्रबंधन; अनेक चार्टरों का अध्ययन; केस अध्ययनों के माध्यम से हमारे विरासतधारक शहरों में चरित्र तथा विषय; इनटैक, यूनेस्को, आईकोमोस तथा अन्य ऐसे संगठनों की भूमिका।

42. भवन प्रणालियां एकीकरण तथा प्रबंधन

भवनों में प्रणाली तथा उप–प्रणालियां, उप–प्रणालियों का संबंध तथा विश्लेषण; विभिन्न भवन प्रारूपणों, अनुकूलन तथा उप–प्रणाली के लिए भवन प्रणालियां; अनेक भवन सेवाओं, विभिन्न प्रकार के नियंत्रकों के लिए नियंत्रण प्रणाली। नियंत्रण प्रणालियों, एकीकृत भवन प्रबंधन प्रणाली, दूरस्थ निगरानी तथा प्रबंधन, गृह–स्वचालन, सेवा नियंत्रण प्रणालियों में विकास कार्यों की स्थापना करने के लिए अनिवार्य रेखाचित्रों की तैयारी करना।

IV. व्यावसायिक योग्यता वद्धिशील अनिवार्य पाठयक्रम (पीएईसीसी) के रूप में सूचीबद्ध पाठयक्रमों का संक्षिप्त विवरण

43. व्यावसायिक अभ्यास

वास्तुकला–संबंधी पेशा तथा व्यावसायिक निकायों एवं सांविधिक निकायों की भूमिका; व्यावसायिक अभ्यास में वास्तुविद् आचार संहिता तथा वास्तुविद अधिनियम 1972 के अनिवार्य प्रावधान; भवन

उप–नियम, महत्वपूर्ण कानून जो वास्तुकला के अभ्यास पर प्रभाव डालते हैं; विवाचन तथा अन्य विधिक पहलू; परियोजना प्रबंधन – निविदा तथा अनुबंध; विश्व स्वास्थ्य संगठन तथा मौजूदा व्यापार पर सामान्य अनुबंध के विशेष संदर्भ में व्यावसायिक अभ्यास पर वैश्वीकरण के निहितार्थ।

44. प्रशिक्षुता अथवा प्रायोगिक प्रशिक्षण

एक वास्तुविद के अधीन रहकर किया जानेवाला अभिविन्यास जिसमें सम्मिलित होंगे कल्पनात्मक विचारों के विकास की प्रक्रिया, प्रस्तुतिकरण का कौशल, कार्यालय चर्चाओं में भागीदारी निभाना, ग्राहकों के साथ बैठकों में जाना, कार्यशील रेखाचित्रों के अंदर अवधारणाओं का विकास करना, प्रक्रिया का निष्पादन करना, निर्माण प्रक्रिया में सम्मिलित अभिकरणों के साथ कार्य–प्रदर्शन और समन्वयन की समयावधि में कार्यस्थल का पर्यवेक्षण करना तथा अभिकल्प से निष्पादन तक किसी वास्तुकला–संबंधी परियोजना के विकास की समझ को सुविधाजनक बनाना।

45. परियोजना प्रबंधन

परियोजना प्रबंधन अवधारणाएं – उद्देश्य तथा कार्यक्षेत्र, योजना बनाना/निगरानी तथा नियंत्रण करना, अनुसूचीकरण/गुणवत्ता तथा लागत; पारंपरिक प्रबंधन प्रणाली; बार चार्ट का विकास; संकटपूर्ण मार्ग विधि कार्यक्रम – गुण तथा अवगुण; कार्यक्रम मूल्यांकन पुनरीक्षा तकनीक कार्यक्रम, संभाव्यता तथा सांख्यिकी का शोध; लागत प्रतिदर्श तथा लागत अनुकूलन; संसाधन आबंटन–संसाधन चौरसाई, संसाधन समतलन; परियोजना व्यवहार्यता अध्ययन, रियल एस्टेट तथा विनियामक कार्यनीतियां, सुविधा कार्यक्रमण तथा योजना बनाना, अभिकल्प प्रबंधन, अभियन्त्रण अधिप्राप्ति निर्माण, परीक्षण तथा प्रचालनारम्भ करना।

46. निबंध शोध/संगोष्ठी/अनुसंधान कार्य–प्रणाली

यह वास्तुकला में एक विशेष क्षेत्र में अनुसंधान लेखन का काम है। विश्लेषण की विधियों में एक वैज्ञानिक आधार होना चाहिए तथा प्राथमिक एवं माध्यमिक स्रोतों से पूरे जांच–पड़ताल से युक्त अनुसंधान की आवश्यकता है – पूरा पुस्तकालय अनुसंधान तथा साहित्य समीक्षा; प्रलेखन; इत्यादि। यह 'वास्तुकला–संबंधी अभिकल्प शोध' की एक प्रस्तावना हो सकती है।

V. कौशल वद्धिशील पाठयक्रम (एसईसी) के अनसार सूचीबद्ध पाठयक्रमों का संक्षिप्त विवरण

47. संचार कौशल

सुनने, बोलने, पढ़ने तथा लिखने के माध्यम से अंग्रेजी में संचार कौशल बढ़ाना; विशिष्ट जानकारी के लिए बातचीत के माध्यम से कौशल संबंधी बातों को सुनना; संभावित/वास्तविक ग्राहकों, आपूर्तिकर्ताओं, व्यवसायिक भागीदारों तथा सहयोगियों के विशिष्ट संदर्भ के साथ कौशल संबंधी बातों को बोलना; विशेष रूप से नियमों तथा शर्तों, सूचीपत्रों, वास्तुकलात्मक पत्रिकाओं तथा पुस्तकों को पढ़ना; लेखन कौशल विशेष रूप से ई–मेल, रिज्यूमे लिखना; उद्देश्य, प्रस्तावों तथा प्रतिवेदनों का विवरण।

48. कम्प्यूटर स्टूडियो

कम्प्यूटर प्रचालन सिद्धांत तथा एक रेखाचित्रीय संयोजन के माध्यम से छवि संपादन; साधारण अभ्यासों के माध्यम से कम्प्यूटर आश्रित 2डी ड्राफ्टिंग तथा 3डी प्रतिदर्शन; एक छायाचित्र जैसी यथार्थपरक छवि गढ़ने के लिए किसी भवन का प्रतिपादन करना।

49. भवन सूचना प्रतिदर्शन

समुचित डिजिटल सॉफ्टवेयर तथा मीडिया का उपयोग करते हुए व्यापक भवन सूचना प्रतिदर्श (बीआईएम) बनाने के लिए प्रयोगशाला आधारित पाठ्यक्रम; भवन ऊर्जा अनुरूपता के लिए बीआईएम; लागत प्राक्कलन करने, परियोजना चरणबद्धता तथा प्रशासन के लिए बीआईएम।

50. डिजिटल रेखाचित्र तथा कला

प्रयोगशाला आधारित पाठ्यक्रम में वीडियो, छवि तथा संपादन सॉफ्टवेयर का उपयोग करते हुए वेक्टर संपादन करना सम्मिलित है; पटकथा लेखन; उत्पन्न प्रतिध्वनियों के साथ ध्वनि को समकालीन बनाना; वॉयस ओवर तथा सीडी रोम के उत्पादन का उपयोग करते हुए प्रस्तुति देना।

51. वास्तुविदों हेतु उद्यमिता कौशल

उद्यमशीलता का परिचय; नेतृत्व कौशल तथा आत्म–प्रेरणा; विपणन तथा वित्त प्रबंधन; एक लघु व्यापार आरंभ करना; संगठन की अभिकल्प नवप्रवर्तनकारिता तथा प्रतिस्पर्द्धी गुणों को बढ़ाने के लिए भविष्योन्मुखी अभिकल्प सिद्धांत; स्थिरता; जोखिम लेने की क्षमता; नौकरी की अधिप्राप्ति; कर्मचारी प्रबंधन; विपणन; सामाजिक उद्यमशीलता तथा वास्तुकला के अभ्यास के अनुरूप इसकी प्रासंगिकता।

52. विदेशी भाषा

किसी एक विदेशी भाषा में पाठ्यक्रम।

प्रायोगिक प्रशिक्षण तथा वास्तुकला अभिकल्प शोध के संचालन हेतु दिशानिर्देश

1. प्रायोगिक प्रशिक्षण

(1) प्रायोगिक प्रशिक्षण, न्यूनतम 5 वर्षीय अनुभवधारक किसी वास्तुविद के संरक्षणाधीन, संस्थान द्वारा विधिवत अनुमोदित, अभ्यास अथवा अनुसंधान के किसी सम्बद्ध क्षेत्र का संचालन करनेवाले किसी संगठन अथवा किसी वास्तुविद के कार्यालय में एक सत्रक अथवा छह माह की एक अवधि हेतु वास्तुकला उपाधि कार्यक्रम के 8वें/9वें सत्रक की समयावधि में संचालित किया जाएगा।

(2) प्रायोगिक प्रशिक्षण का निरीक्षण तथा मूल्यांकन संरक्षक वास्तुविद द्वारा आवधिक आकलन और पाठ्यविषयी अध्ययन के भाग के रूप में समापन सत्रक परीक्षा (मौखिक परीक्षा) के माध्यम से किया जाएगा।

(3) विदेश में प्रशिक्षण का संचालन उस देश के पंजीकृत वास्तुविद के संरक्षणाधीन रहकर किया जाएगा तथा विश्वविद्यालय अथवा संस्थान के प्रमुख पदाधिकारी द्वारा प्रशिक्षण का अनुमोदन एवं निर्देशन किया जाएगा।

2. वास्तुकला अभिकल्प शोध

(1) वास्तुकला अभिकल्प शोध एक मूल संकाय सदस्य के मार्गदर्शन के अन्तर्गत तैयार किया जाएगा।

(2) विश्वविद्यालय अथवा संस्थान द्वारा सह–आकलनकर्ता के रूप में मार्गदर्शक के साथ वास्तुकला अभिकल्प शोध हेतु विभिन्न चरणों में आंतरिक मूल्यांकन का संचालन किया जाएगा।

(3) एक आंतरिक एवं बाह्य परीक्षक तथा मार्गदर्शक से समाविष्ट एक निर्णायक–समिति द्वारा वास्तुकला अभिकल्प शोध की अंतिम परीक्षा (मौखिक परीक्षा) का संचालन किया जाएगा। बाह्य परीक्षकों के पास इस कार्य हेतु कम से कम 10 वर्षीय अनुभव होना चाहिए।

(4) प्रायोगिक प्रशिक्षण, वास्तुकला अभिकल्प शोध के प्रारंभ होने से पूर्व, पूरा किया जाएगा।

परिशिष्ट–ख

अध्यापक–वर्ग की आवश्यकता

(संस्वीकृत प्रवेश क्षमता के आधार पर पूर्णकालिक–संकाय की संख्या)

क. पूर्णकालिक शिक्षण अध्यापक–वर्ग :

वर्ष	I				II				III				IV				V				कुल
	एच	पी	ए पीआर	एपी	एच	पी	ए पीआर	एपी	एच	पी	ए पीआर	एपी	एच	पी	ए पीआर	एपी	एच	पी	ए पीआर	एपी	
40	1	0	1	1	1	0	1	4	1	0	2	6	1	0	3	8	1	1	3	10	15
80	1	0	1	4	1	0	3	8	1	1	4	12	1	2	5	15	1	2	6	20	29
120	1	0	2	6	1	1	4	11	1	2	6	17	1	3	8	22	1	4	10	28	43

एच– संस्थान के प्रमुख, **पी**– प्राध्यापक, **ए पीआर**– सह प्राध्यापक, **एपी**– सहायक प्राध्यापक

टिप्पणियां :

(1) वास्तुविद अधिनियम, 1972 के प्रावधानों के अन्तर्गत परिषद् के साथ पंजीकृत अभ्यर्थीगण ही मूल संकाय पदों हेतु योग्य होंगे, जो कि परिशिष्ट–ख में निर्धारित न्यूनतम योग्यताओं, वेतन तथा अनुभव के अधीन है।

(2) उपरोक्त के अतिरिक्त, लगभग 25: शिक्षण भार संबंधित पेशे से चुने हुए अतिथि संकाय को आबंटित किया जाना चाहिए।

